# वड़गांव आनंद में 'अमृत कुंभ' जलाशय का लोकार्पण संपन्न



मुकुल माधव फाउंडेशन और फिनोलैक्स पाइप द्वारा जुन्नर तहसील के वड़गांव आनंद में एक जलाशय 'अमृतकुंभ' के लोकार्पण अवसर पर रितु छाबरिया, कलेक्टर सौरभराव और अन्य गणमान्य.

पिंपरी, 3 अप्रैल (आ.प्र.)

मुकुल माधव फाउंडेशन और फिनोलेक्स पाइप द्वारा जुन्नर तहसील के वड़गांव आनंद में एक जलाशय 'अमृतकुंभ' का लोकार्पण एक अप्रैल को मुकुल माधव फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी रितु छाबरिया और कलेक्टर सौरभ राव के द्वारा किया गया. उल्लेखनीय है कि पहले इस क्षेत्र के रहवासी पानी के लिए टैंकर्स पर निर्भर थे. लोगों की इस समस्या पर फिनोलेक्स पाइप्स से समझा और जलाशय 'अमृत कुंभ' को भरने के लिए नहर से 2.5 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाने का निर्णय किया. इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे. इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने फिनोलेक्स और मुकुल माधव फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया. मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा इसी गांव के एक जिला परिषद स्कूल को वित्तीय सहायता प्रदान की गई. यह सभी कार्य डी.बी. वालुंज, वैषाली देवेकर, दत्ता सकोरे और फिनोलेक्स के बी.आर.मेहता के मार्गदर्शन में किए गए.